रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर

RAILWAY RECRUITMENT BOARD, BILASPUR

भारत सरकार : रेल मंत्रालय

Govt.of India (Ministry of Railways)

Phone:07752-247291, Fax: 07752-417742

Website: rrbbilaspur.gov.in, Email ID: rrbbsp@secr.railnet.gov.in & rrbbsp@gmail.com

केंद्रीकृत रोजगार सूचना संख्या-02/2018 (स्तर-1 के पद)

परीक्षार्थियों हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश निम्नलिखित मूल एवं वैध (जिसकी अवधि समाप्त न हुई हो) दस्तावेजों के आधार पर ही प्रदान किया जाएगा:-

1. ई-कॉल लेटर।
2. कम से कम एक मूल (ओरिजिनल) एवं वैध (जिसकी मान्यता अवधि समाप्त न हुई हो) फोटो पहचान पत्र (जैसे मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, प्रिंट किया हुआ ई-आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, यदि उम्मीदवार शासकीय सेवक है तब नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र, स्कूल/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया फोटो पहचान पत्र इत्यादि)।
3. एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (3.5cm x 4.5cm) बिना टोपी एवं चश्में के एवं सामने का चेहरा स्पष्ट हो।

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश:-

1. ऑनलाइन कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट(सीबीटी) हेतु पालीवार समय सारणी:-

	पाली-1	पाली-2	पाली-3
परीक्षा केंद्र पहुँचने का समय	07:15 AM	10:45 AM	02:15 PM
परीक्षा केंद्र का गेट बंद करने का समय	08:15 AM	11:45 AM	03:15 PM
परीक्षा प्रारंभ होने का समय	09:00 AM	12:30 PM	04:00 PM
परीक्षा समाप्ति का समय	10:30 AM	02:00 PM	05:30 PM

2. उम्मीदवार ई-कॉल लेटर में निर्धारित रिपोर्टिंग समय से पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थिति दर्ज कराएँ ताकि विभिन्न गतिविधियाँ जैसे उम्मीदवार का सत्यापन, बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन (बाएँ हाथ के अगूँठे का निशान एवं फोटो), दस्तावेजों का संकलन, निर्देशों की घोषणा तथा लॉग इन इत्यादि संपन्न किया जा सके।

3. उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामाग्री लाना मना है जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गजट जैसे कि ब्लू टूथ, एमपी3 प्लेयर, पामटॉप, टैबलेट पीसी, कैलकुलेटर, कैमरा, घड़ी इत्यादि ।
4. उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में निर्धारित पाली में सत्यापन हेतु ई-कॉल लेटर प्रस्तुत करना है।
5. परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों के ई-कॉल लेटर एवं वैध मूल फोटो पहचान पत्र की जाँच की जाएगी|
6. उम्मीदवारों के पासपोर्ट आकार के फोटो को उम्मीदवार के वास्तविक स्वरूप से मिलान के पश्चात ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।
7. किसी भी उम्मीदवार को निर्धारित समय के पश्चात परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं है।
8. उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र के अंदर रफ कार्य हेतु सादा कागज एवं पेन प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवारों को रफ कार्य हेतु प्रदत्त सादे कागज में उनका नाम, रोल नंबर लिखना है। किसी उम्मीदवार के द्वारा रफ कार्य हेतु अतिरिक्त सादे कागज की मांग किए जाने पर परीक्षा के दौरान प्रदाय किया जाएगा।
9. उम्मीदवार को परीक्षा कक्ष में परीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देश के उपराँत ई-काल लेटर में निर्धारित स्थान पर घोषणा को रनिंग हैंडराइटिंग में लिखना है। यदि किसी उम्मीदवार के द्वारा ई-काल लेटर में घोषणा को पहले ही लिख लिया गया है तब उसके द्वारा घोषणा को ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल में पीछे की ओर पुनः रनिंग हैंडराइटिंग में लिखना है एवं उसके नीचे उम्मीदवार एवं निरीक्षक को हस्ताक्षर करने होंगे।
10. उम्मीदवारों के द्वारा लाए गए रंगीन पासपोर्ट फोटो को परीक्षा कक्ष में ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल में निर्धारित स्थान पर चिपकाना है।
11. उम्मीदवारों को निर्धारित पाली में परीक्षा के प्रारंभ होने के उपराँत परीक्षा की समाप्ति तक परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।
12. परीक्षा कक्ष में परीक्षकों के द्वारा उम्मीदवारों से ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल का संकलन किया जाएगा। कृपया यह ध्यान रखें कि ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल में निम्न जानकारियाँ हों:- उम्मीदवार का फोटो चिपकाया हुआ, रनिंग हैंडराइटिंग में उम्मीदवार का घोषणा, उम्मीदवार का हस्ताक्षर, उम्मीदवार के बाँए हाथ के अँगूठे का दो निशान एवं कक्ष निरीक्षक/परीक्षक के हस्ताक्षर। इसके अतिरिक्त कोई अन्य निर्धारित प्रोफार्मा एवं घोषणा यदि कोई हो।
13. उम्मीदवारों को जारी किया गया ई-काल लेटर केवल परीक्षा तिथि, पाली एवं समय हेतु वैध है।
14. परीक्षा की अवधि कुल 90 मिनट (120 मिनट स्क्राइब उम्मीदवार हेतु) है।
15. गलत उत्तर हेतु नकारात्मक अंक प्रदान किए जाएँगे। प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/3 अंक काटे जाएँगे।
16. अनुचित साधनों के प्रयोग करने, पररूपण (impersonation) करने की स्थिति में उम्मीदवार को भविष्य में आयोजित की जाने वाली रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं से बहिष्कृत किया जाएगा एवं एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है तथा रेलवे में नियुक्ति हेतु अयोग्य घोषित किया जाएगा।
17. उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान परीक्षक/वीक्षक (invigilator) के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा।

18. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ई-काल लेटर के पीछे दिए गए निर्देशों को भली भाँति पढ़ें एवं उनका पालन करें।

अनुचित साधनों के प्रयोग के अंतर्गत सम्मिलित गतिविधियाँ:-

1. चालू अथवा बंद अवस्था में उम्मीदवार के पास मोबाइल फोन अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट जैसे कि ब्लू टूथ, एमपी3 प्लेयर, पामटॉप, टैबलेट पीसी, कैलकुलेटर, कैमरा, घड़ी इत्यादि उपलब्ध होना।
2. उम्मीदवार को आबंटित कम्प्यूटर नोड के स्थान पर अन्य स्थान पर बैठना।
3. पर्ची(Chits), रूमाल, कपड़े, हाथ, हथेली, जूते, शरीर के किसी भाग पर लिखे उत्तरों का नकल करना।
4. पुस्तक/कुँजी या अन्य पठन सामग्री का उपयोग करना।
5. परीक्षा हेतु आबंटित पीसी पर इंटरनेट अथवा अन्य किसी प्रोग्राम का उपयोग करना।
6. परीक्षा के दौरान अन्य उम्मीदवारों से बातचीत करना।
7. केंद्राध्यक्ष या परीक्षा केंद्र में परीक्षा कार्य हेतु उपस्थित अन्य स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार अथवा हाथापाई करना।

स्क्राइब के साथ उपस्थित दिव्याँग उम्मीदवारों हेतु निर्देश:-

1. स्क्राइब के साथ में उम्मीदवार दोनो को ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल में निर्धारित स्थान पर रंगीन फोटो चिपकाना है।
2. स्क्राइब के साथ उम्मीदवार तेज आवाज में बात करके अन्य उम्मीदवारों को परेशान नहीं करेंगे।
3. स्क्राइब स्वयं कोई भी उत्तर प्रदान नहीं करेंगे। वह केवल उम्मीदवार के द्वारा इंगित किए गए उत्तरों को ही दर्शित करेंगे।
4. उम्मीदवार के निर्देशानुसार ही स्क्राइब के द्वारा पेज नेविगेशन एवं उत्तरों का जवाब दर्शित किया जाएगा।
5. स्क्राइब के द्वारा उम्मीदवारों को प्रश्नों एवं उत्तरों का अर्थ नहीं समझाया जाएगा।
6. परीक्षा कक्ष में परीक्षकों के द्वारा उम्मीदवारों एवं स्क्राइब से ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल का संकलन किया जाएगा। कृपया यह ध्यान रखें कि ई-काल लेटर के रेलवे भर्ती बोर्ड फॉइल में निम्न जानकारियाँ हों:- उम्मीदवार का फोटो चिपकाया हुआ, रनिंग हैंडराइटिंग में उम्मीदवार का घोषणा, उम्मीदवार का हस्ताक्षर, उम्मीदवार के बाँए हाथ के अँगूठे का दो निशान एवं कक्ष निरीक्षक/परीक्षक के हस्ताक्षर। इसके अतिरिक्त कोई अन्य निर्धारित प्रोफार्मा एवं घोषणा यदि कोई हो।